# हरियाणा विधान सभा

**(25 अगस्त, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

## 25th अगस्त, 2023

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### यमुना नदी में ठोकरें (स्टड्स) लगाना

1 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव चांदहट में छत्ता मंदिर तथा किसानों के आस-पास के खेतों की भूमि-कटाव को रोकने के लिए यमुना नदी के दूसरी तरफ कुटी के सामने तथा चांट के जंगल पर ठोकरें (स्टड्स) लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

### सीढ़ियों का निर्माण करना

2 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या पलवल में अलावलपुर सड़क पर निर्मित उपरि पुल पर सीढ़ियों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त उपरि पुल पर सीढ़ियों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## संपत्ति पहचान पत्रों का ब्यौरा

3 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य के नगरपालिका क्षेत्रों में वाणिज्यिक तथा आवासीय संपत्तियों के लिए संपत्ति पहचान पत्रों के पंजीकरण के लिए सरकार की नीति क्या है; तथा

(ख) यदि संपत्ति पारिवारिक निपटान में सह-हिस्सेदार/विरासत के रूप में दी गई है और वे संपत्ति का भाग या हिस्सा संयुक्त रूप से या अलग से बेचना चाहते हैं तो उन्हें अलग पहचान पत्र लिए बिना बेचने की अनुमति न होने के कारण क्या हैं तथा वह कानून क्या हैं जिसके तहत सरकार/उप-रजिस्ट्रार दस्तावेजों के पंजीकरण से इंकार कर सकते हैं?

----

## अमरुत निविदाओं का ब्यौरा

4 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि अमरुत योजना के तहत रोहतक में सरकार द्वारा जारी 51 निविदाओं की निम्न जानकारी;

(क) सभी कार्यों का नाम क्या है;

(ख) प्रत्येक निविदा की डी.एन.आई.टी. लागत/ निविदा आमंत्रित लागत क्या है;

(ग) प्रत्येक निविदा की आवंटन राशि कितनी है;

(घ) उस फर्म/कंपनी का नाम के साथ उनके पंजीकृत कार्यालय का पूरा पता क्या है जिसे अनुबंध आवंटित किया गया है;

(ड) शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा संबंधित विभागों को पूरी की गई/सौंपी गई परियोजना की संख्या कितनी है; तथा

(च) मूल आवंटित कार्य के पूरा होने की तिथि तथा बढ़ाने की तिथि क्या है; यदि हाँ, तो टिप्पणी सहित बताएं?

----

## जल उपचार संयंत्र का संचालन

5 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरवाला खंड के गांव भरौली में नदी में गंदे पानी के प्रवाह को

रोकने के लिए जल उपचार संयंत्र का निर्माण किया गया था; यदि हां, तो उक्त परियोजना पर कुल कितना व्यय किया गया ; तथा

(ख) क्या उक्त जल उपचार संयंत्र संचालित है या नहीं?

----

## अमले की कमी पूरा करना

6 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या खराब मौसम के दौरान कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा समय पर इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट को दूर करने की व्यवस्था बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो उक्त क्षेत्र में इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट को दूर करने में लगभग 8 से 10 घंटे की देरी होने के कारण क्या हैं; तथा

(ग) क्या बिजली विभाग में अमले की कमी है; यदि हां, तो अमले की कमी को कब तक दूर किए जाने की संभावना है?

----

## ठेकेदार को किए गए भुगतान की सीमा

7 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय मंत्री बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सतवीर सिंह ठेकेदार तथा उसकी विभिन्न फर्मों को नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लगभग 1,83,83,34,657 रुपए का भुगतान किया गया है ;

(ख) सतवीर सिंह ठेकेदार तथा उसकी विभिन्न फर्मों को कितना भुगतान किया गया है तथा यह भुगतान किस दिनांक को किया गया है तथा उस अधिकारी का नाम क्या है जिसने उक्त भुगतान किया है तथा उनका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) वह खाता किसके नाम है जिसमें सतवीर सिंह ठेकेदार तथा उसकी विभिन्न फर्मों को भुगतान किया गया है तथा उसका संपूर्ण विवरण क्या है?

----

## भूमि का ब्यौरा

8 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में जिला वार भूमि के कुल क्षेत्र का ब्यौरा क्या है तथा कृषि भूमि का कुल क्षेत्र कितना है तथा अन्य प्रकार की भूमि का क्षेत्र कितना है तथा इसके प्रकार क्या हैं; तथा

(ख) उस भूमि का जिला वार ब्यौरा क्या है जहां पर चकबंदी /कंसॉलिडेशन नहीं कराई गई है?

----

## एक्स-रे तथा अल्ट्रासाउंड सुविधाओं को पुनः शुरू करना

9 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी के नागरिक अस्पताल में एक्स-रे तथा अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं उपलब्ध न कराने के कारण क्या हैं तथा उक्त अस्पताल में उक्त सुविधाएं कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्कूल भवन का पुनः निर्माण करना

10 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि;

(क) दादरी शहर में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में हर वर्ष एकत्रित होने वाले पानी की समस्या से निजात पाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या दादरी में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के भवन का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हाँ, तो उपरोक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करना

11 **श्री नरेन्द्र गुप्ता (फरीदाबाद):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद- 89 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वार्ड नंबर- 33 के सेक्टर 9 के कन्या प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2018 में 6 कमरों के निर्माण का कार्य शुरू हुआ

था परंतु अब तक कमरों का कार्य पूरा नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उस ठेकेदार का नाम क्या है जिसने उक्त कार्य शुरू किया था तथा निर्माण कार्य के लिए वर्क आर्डर की कुल कितनी राशि जारी की गई तथा निविदा आमंत्रित करने की सूचना (डी.एन.आई.टी.) का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उस अधिकारी का नाम क्या है जिसने उपरोक्त कार्य के बिलों को पारित किया तथा निर्माण कार्य के पूरा होने के पश्चात कब तक विद्यालय को उक्त कमरे सौपें जाने की संभावना है?

----

## सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य पूरा करना

12 **श्री नरेन्द्र गुप्ता (फरीदाबाद):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) उस ठेकेदार का नाम क्या है जिसे फरीदाबाद- 89 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वार्ड नंबर 33 के सेक्टर-10 के तेरापंथ भवन के सामने सामुदायिक हॉल के निर्माण कार्य का वर्क आर्डर आवंटित किया गया था;

(ख) उपरोक्त कार्य के लिए कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा उसका डी.एन.आई.टी. क्या है;

(ग) उक्त सामुदायिक हॉल के लिए निर्माण कार्य के लिए अब तक कितनी राशि का भुगतान किया गया है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## पांच तालाब प्रणाली के निर्माण से संबंधित ब्यौरा

13 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अप्रैल 2022 से जुलाई 2023 तक सरकार द्वारा पांच तालाब प्रणाली की संख्या कितनी है जिनके लिए निर्माण कार्य शुरू किया गया है तथा उनका खंड वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त कार्य का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कुछ खंडों में पांच तालाब प्रणाली का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उपरोक्त कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों की खुदाई तथा नवीनीकरण

14 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत अप्रैल, 2023 से तालाबों की खुदाई तथा नवीनीकरण के लिए सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है; यदि हां, तो उनका खंड-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उस ठेकेदार का नाम तथा कार्यालय का पता क्या है जिसे उपरोक्त कार्य आवंटित किया गया है; तथा

(ग) जुलाई, 2023 तक उपरोक्त कार्य के अंतर्गत कितने तालाबों की खुदाई की गई तथा कितने तालाबों में कार्य प्रगति में है तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

## नमूने लेने का लक्ष्य

15 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना)ः**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सरकार द्वारा बीजों, कीटनाशकों तथा खादों के नमूने लेने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है; यदि हां, तो प्रत्येक जिले का लक्ष्य क्या है तथा क्या इसे हासिल किया गया था; यदि नहीं, तो 2015 से आज तक प्रत्येक जिले का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऊपर 'क' के संबंध में विफल/उप-मानक नमूने तथा न्यायालय में दायर मामलों तथा दोषी सिद्ध व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) 2015 से आज तक ऐसे डीलरों के रद्द किए गए लाइसैंसों की संख्या कितनी है?

----

## नमूने लेने के मानक

16 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के लिए सरकार के कोई मानक हैं; यदि हां, तो प्रत्येक जिले का क्या लक्ष्य है तथा क्या इसे हासिल कर लिया गया है; यदि नहीं, तो 2015 से आज तक संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ख) 2015 से आज तक न्यायालयों द्वारा विफल नमूने तथा न्यायालय में दायर मामलों तथा दोषी सिद्ध व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## जमीन का अवैध कब्जा

17 **श्री बिशन लाल सैनी ( रादौर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि रादौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रादौर खंड के रपड़ी गांव में कुछ लोगों द्वारा पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है तथा उनको पंचायत अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विभिन्न कार्य पूरे करना

18 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी में राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई सड़क पर चौधरी देवीलाल सदन से नए बस स्टैंड पर पेट्रोल पंप तक सड़क चौड़ी करना, नाला बनाना, पेड़ हटाने, बिजली के खम्बों का स्थानान्तरण तथा साथ लगती आर.सी.सी. सड़क पर ब्लॉक लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव में वर्णित कार्यों के कब तक पूरे किए जाने की संभावना है?

----

## फ्लोर/प्लेटफार्म का निर्माण करना

19 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी में रेड क्रॉस के सामने काठ मंडी मार्केट में पक्का फ्लोर/प्लेटफार्म बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## ड्रेन की पटरी पर सड़क का निर्माण करना

20 **श्री लीला राम (कैथल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या कैथल शहर से गांव सजुमा वाया गांव कुतुबपुर तक ड्रेन की पटरी पर सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## ग्योंग ड्रेन को पक्का करना

21 **श्री लीला राम (कैथल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कैथल शहर से होकर गुजरने वाली ग्योंग ड्रेन को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव पर कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

----

## 24 घंटे बिजली की आपूर्ति

22 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य के गांवों की कुल संख्या कितनी है जिनमें 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती है;

(ख) जिला जींद के गांवों की कुल संख्या कितनी है तथा जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों की कुल संख्या कितनी है जिनमें 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती है; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि गांव अमरहेड़ी जग-मग योजना के अंतर्गत है; यदि हां, तो उक्त गांव में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति न किए जाने के कारण क्या है?

----

## रोजगार मेलों की कुल संख्या

23 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वित्त वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान जिला रोजगार कार्यालय, जींद द्वारा आयोजित मेलों की कुल संख्या कितनी है तथा उपरोक्त रोजगार मेलों द्वारा रोजगार प्राप्त युवाओं की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) जींद जिले में सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत लाभ लेने वाले सक्षम युवाओं की संख्या कितनी है तथा उनके नाम, पतों तथा संपर्क नंबर का ब्यौरा क्या है?

----

## एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

**24 श्री लक्ष्मण नापा ( रतिया):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि रतिया विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के रतिया शहर में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए सरकार द्वारा 5 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी थी लेकिन अब तक कार्य आरम्भ नहीं हुआ; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक आरम्भ होने की संभावना है?

----

## सड़कों की मरम्मत तथा चौड़ा करना

**25 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत तथा चौड़ा करने के लिए सरकार द्वारा ₹25 करोड की राशि स्वीकृत की गई थी; यदि हां, तो उपरोक्त अनुदान के अंतर्गत मेरे द्वारा अनुशंसित की गई सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की 20 सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सब- माइनर को पुनः पक्का करना

**26 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों में स्थित मांडी खुर्द सब-माइनर को पुनः पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो कि 35 वर्ष पहले बनी थी तथा जीर्ण-शीर्ण हो गई है; यदि हां, तो उक्त माइनर के कब तक पुनः पक्का किए जाने की संभावना है?

----

## बांधों के सुदृढ़ीकरण एवं खुदाई के लिए कुल बजट

**27 श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) घग्गर नदी के बांधों के सुदृढ़ीकरण एवं खुदाई के लिए अप्रैल, 2022 से जून, 2023 तक कुल कितना बजट जारी किया गया;

(ख) उपरोक्त बजट में से उक्त अवधि के दौरान खर्च किया कुल बजट कितना है; तथा

(ग) उस मद का नाम क्या है जिस पर बजट की उक्त राशि खर्च की गई है तथा यह

राशि कब खर्च की गई थी ?

----

## अध्यापकों के रिक्त पदों को भरना

28 **चौ. आफताब अहमद (नूंह)ः**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2015 से अब तक मेवात कैडर से संबंधित निम्नलिखित ब्यौरा :-

(क) स्थायी पदों पर भर्ती किये गये स्कूल शिक्षक की पद-वार संख्या कितनी है तथा उसकी पूरी सूची क्या है ;

(ख) जिले के बाहर स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्त किए गए शिक्षकों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ग) रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है तथा इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## पुरानी पेंशन योजना को लागू करना

29 **श्री बलराज कुंडू (महम)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पूरे राज्य में पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने के लिए कर्मचारी संगठन लगातार आंदोलन कर रहे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य में पुरानी पेंशन योजना को लागू न करने के कारण क्या है जबकि अन्य राज्यों जैसे राजस्थान, छत्तीसगढ़ तथा पंजाब में इसे पहले ही लागू किया जा चुका है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टरों को विकसित करना

30 **श्री बलराज कुंडू (महम)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या महम शहर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टरों को विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## अस्पतालों की वर्तमान स्थिति

31 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गांव मातनहेल अस्पताल की वर्तमान स्थिति क्या है जिसका निर्माण सी.एल.पी. प्लांट द्वारा किया गया था; तथा

(ख) क्या यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है या सामान्य अस्पताल क्योंकि इसमें आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध नहीं है?

----

## बिजली लाइन को बदलने के लिए नीति

32 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा विधानसभा के सत्र में ऊर्जा मंत्री द्वारा घोषित उपभोक्ताओं से उनके प्लॉटों/ घरों/ कृषि भूमि से विद्युत लाइन बदलने के लिए शुल्क लेने की नीति की समीक्षा के क्या परिणाम निकले?

----

## सलाह/अनुशंसाओं का क्रियान्वयन

33 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण द्वारा अपनी स्थापना से लेकर अब तक दी गई सलाह/अनुशंसाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा उसके क्रियान्वयन की स्थिति क्या है?

----

## चिकित्सकों की कमी

34 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञों अन्य चिकित्सा अमला, चिकित्सा उपकरण, दवाइयों तथा चिकित्सा प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री की भारी कमी के कारण यमुनानगर तथा पूरे राज्य के डॉक्टर तनाव में कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण कई डॉक्टरों ने वी.आर.एस. ले लिया है तथा अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है तथा अस्पतालों के लिए नए भवन होने के बावजूद लोगों को

चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य के अस्पतालों में उक्त कमी के कारण क्या हैं ?

----

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रीमियम

35 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 2019-20, 2020-21 तथा 2022-2023 के खरीफ तथा रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों से बीमा कंपनियों द्वारा एकत्रित प्रीमियम कितना है तथा वर्ष-वार तथा बीमा कंपनी-वार उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) फसलों के नुकसान के लिए बीमा कंपनियों द्वारा किसानों को कुल कितना मुआवजा दिया गया है तथा उपरोक्त भाग 'क' के अनुसार वर्ष-वार तथा बीमा कंपनी-वार ब्यौरा क्या है तथा फसल-वार तथा जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## भूमि मालिकों को आवासीय प्लॉटों का आवंटन

36 **श्रीमती शकुन्तला खटक (कलानौर):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला रोहतक के विभिन्न गांवों की भूमि का अधिग्रहण सरकार की नीति के अनुसार तीन चरणों में हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास एवं अवसंरचना विकास निगम द्वारा किया गया था; यदि हां, तो उन जमीन मालिकों के नाम क्या हैं जिन्हें जुलाई, 2023 तक उनकी अधिगृहित भूमि के लिए आवासीय प्लॉट आवंटित किए गए थे तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या उक्त सभी भू-स्वामियों को आवासीय प्लॉट आवंटित कर दिए गये हैं जिनकी भूमि अधिगृहित की गई थी; यदि नहीं, तो जुलाई, 2023 तक लंबित पड़े आवासीय प्लॉटों के आवंटन में देरी के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त आवासीय प्लॉट कब तक उक्त मालिकों को आवंटित किये जाने की संभावना है?

----

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए

37 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को शुरू करने का कोई प्रस्ताव

सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो कब तक इनके शुरू किये जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलना

38 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) अटेली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के खण्ड के गांव सुंदरह में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## नालों की सफाई पर खर्च राशि

39 **श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि गत तीन वर्षों के दौरान गन्नौर शहर में नालों की सफाई पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कुल कितनी राशि खर्च की गई?

----

## सार्वजनिक शौचालयों का ब्यौरा

40 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गुरूग्राम में सार्वजनिक शौचालयों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) गुरूग्राम में उन संगठनों के नाम क्या हैं जो सार्वजनिक शौचालयों के मालिक हैं, जिन्होंने निर्मित किये है तथा जो संचालित करते हैं;

(ग) आवंटित निधि के संबंध में केंद्र तथा राज्य सरकार के कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है जिनके अंतर्गत गुरूग्राम में उपरोक्त शौचालयों का निर्माण करवाया गया था;

(घ) सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए तथा भूमि अधिग्रहण के लिए आवंटन निधियों का भाग-वार ब्यौरा क्या है तथा किस कार्यक्रम के तहत निधि का आवंटन किया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ड़) सार्वजनिक शौचालयों के नियमित रखरखाव के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है तथा गुरूग्राम में सार्वजनिक शौचालयों के नियमित रख रखाव के लिए जिम्मेवार सरकार

तथा/ या निजी संगठन का ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**25 अगस्त, 2023.** **सचिव**